>

Title: Need to trace the whereabouts of Captain Kalyan Singh Hari Singh Rathod of Assam Regiment mission since Indo-Pak war of 1971.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा (गुजरात) के हिम्मतनगर तहसील के अंतर्गत गांव चांदरणी के निवासी कैप्टन कल्याण सिंह हरीसिंह राठोड़ - आसाम रेजीमेंट बै. नं0 आईसी 23148 जम्मू कश्मीर के छांव सेक्टर में बलसारा पाईन्ट पर दिनांक 5 दिसम्बर, 1971 को पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में युद्धभूमि पर दुश्मनों के साथ लड़ते-लड़ते गुमशुदा हो गये। आज वे किस हालत में हैं, किसी को नहीं पता। शायद जिंदा है या नहीं वो भी मालूम नहीं। उनका शरीर भी आज तक नहीं मिला, इसलिए संभव है कि उन्हें युद्धकैदी बना लिया गया हो।

मेरी आपसे प्रार्थना है कि इस विषय में सही जांच की जाये। अगर कल्याण सिंह नहीं मिले तो उन्हें शहीद घोषित करके मरणोपरान्त मिलने वाला सम्मान शौर्य चक्र या अन्य नियमानुसार जो मेडल मिलना चाहिये, उससे सम्मानित किया जाये ताकि उनकी आत्मा को शांति मिले और हमारे क्षेत्र को भी गौरव मिले और साथ उनके परिवार को भी नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाये, जिनके लिए वे हकदार हैं।